# तुलसी जी की आरती – हिंदी में

जय जय तुलसी माता, मैय्या जय तुलसी माता।
सब जग की सुख दाता, सबकी वर माता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

सब योगों से ऊपर, सब रोगों से ऊपर।
रज से रक्ष कर के, सबकी भव त्राता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

बहु पुत्री है श्यामा, सूर बल्ली है ग्राम्या।
विष्णुप्रिय जो नर तुमको सेवे, सो नर तर जाता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

हरि के शीश विराजत, त्रिभुवन से हो वंदित।
पतित जनों की तारिणी, तुम हो विख्याता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

लेकर जन्म विजन में, आई दिव्य भवन में।
मानव लोक तुमहीं से, सुख संपति पाता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

हरि को तुम अति प्यारी, श्याम वर्ण सुकुमारी।
प्रेम अजब है उनका, तुमसे कैसा नाता।
हमारी विपद हरो तुम, कृपा करो माता॥

जय जय तुलसी माता, मैय्या जय तुलसी माता।
सब जग की सुख दाता, सबकी वर माता॥
मैय्या जय तुलसी माता॥

Source : www.neoastro.com

# TULSI MATA KI AARTI - ENGLISH

Jai Jai Tulsi Mata, Maiyya Jai Tulsi Mata.
Sab Jag Ki Sukh Daata, Sabki Var Mata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.

Sab Yogon Se Upar, Sab Rogon Se Upar.
Raj Se Raksh Kar Ke, Sabki Bhav Traata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.

Bahu Putri Hai Shyama, Soor Balli Hai Gramya.
Vishnu Priya Jo Nar Tumko Seve, So Nar Tar Jaata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.

Hari Ke Sheesh Virajat, Tribhuvan Se Ho Vandit.
Patit Janon Ki Tarini, Tum Ho Vikhyata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.

Lekar Janm Vijan Mein, Aayi Divya Bhavan Mein.
Manav Lok Tumhi Se, Sukh Sampati Paata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.

Hari Ko Tum Ati Pyari, Shyam Varn Sukumari.
Prem Ajab Hai Unka, Tumse Kaisa Naata.
Hamari Vipad Haro Tum, Kripa Karo Mata.

Jai Jai Tulsi Mata, Maiyya Jai Tulsi Mata.
Sab Jag Ki Sukh Daata, Sabki Var Mata.
Maiyya Jai Tulsi Mata.